

# प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सुविधाएँ

Warwickshire County Council

विषय सूची:


| | |
|---|---|
| योग्य कामकाजी परिवारों के लिए बच्चों की 30 घंटे की देखभाल सुविधा | 1 |
| अतिरिक्त सहायता पाने वाले योग्य परिवारों के लिए 2HELP चाइल्ड केयर फ़ंडिंग | 4 |
| सभी परिवारों के लिए 15 घंटे की सामान्य बाल देखभाल सुविधा | 6 |
| अतिरिक्त अधिकार | 8 |
| अक्सर पूछे जाने वाले सवाल | 10 |
| संपर्क और अतिरिक्त जानकारी | 12 |
| बाल देखभालकर्ता बनना | 13 |




## योग्य कामकाज़ी परिवारों के लिए बच्चों की 30 घंटे की देखभाल सुविधा

9 महीने से 4 साल की उम्र के बच्चों के लिए

- प्रति सप्ताह अधिकतम 30 घंटे
- साल में 38 सप्ताह तक



## कामकाज़ी अभिभावकों को सितबंर 2025 से प्रति सप्ताह 30 घंटे की सुविधा मिलने का अधिकार हो सकता है, अगर आप:

- ➢ दो अभिभावकों वाला परिवार जहाँ दोनों काम कर रहे हों और हर एक की कमाई राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन या जीवन निर्वाह वेतन के अनुसार प्रति सप्ताह कम से कम 16 घंटे के बराबर हो।
- ➢ प्रत्येक की वार्षिक आय £100,000 से कम हो

या

- ➢ सिंगल अभिभावक, जो काम कर रहा/रही हो और जिसकी कमाई राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन या जीवन निर्वाह वेतन के अनुसार प्रति सप्ताह कम से कम 16 घंटे के बराबर हो
- ➢ जिसकी वार्षिक आय £100,000 से कम हो

## इमिग्रेशन की स्थिति:

फ़ंडेड चाइल्डकेयर सुविधा हेतु योग्य होने के लिए, आपके पास नेशनल इंश्योरेंस नंबर होना चाहिए और निम्न में से कम से कम एक शर्त पूरी होनी चाहिए:

- ➢ ब्रिटिश या आयरिश नागरिकता
- ➢ सेटल्ड या प्रीसेटल्ड स्थिति हो या इसके लिए आवेदन किया हो और फैसले के इंतज़ार में हों
- ➢ आपके UK रेजिडेंस कार्ड पर पब्लिक फ़ंड्स तक ऐक्सेस की अनुमति दर्शाई गई हो

आपका कोई पार्टनर है, तो उसके पास भी नेशनल इंश्योरेंस नंबर होना आवश्यक है।

## अधिकार:

कामकाज़ी अभिभावकों के लिए फ़ंडेड सुविधा साल में न्यूनतम 38 सप्ताह की अवधि में अधिकतम 1140 घंटे प्रति वर्ष तक उपलब्ध है, जो कि प्रति सप्ताह 30 घंटे के बराबर है। यह सुविधा 38 सप्ताह से ज़्यादा समय तक भी ली जा सकती है। इसके लिए, प्रति सप्ताह कम घंटे लेकर साल के अधिक सप्ताहों में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। कृपया यह जानने के लिए कि आपके प्रारंभिक शिक्षा प्रदाता यह फंडेड सुविधा कैसे प्रदान करते हैं, उनसे संपर्क करें।

## मेरा बच्चा कब योग्य होगा?

बच्चों को आमतौर पर 9 महीने की उम्र पूरी होने के बाद आने वाले स्कूल सेशन की शुरुआत से फ़ंडेड सुविधा का लाभ मिलता है।

| जिन बच्चों की आयु 9 महीने के बीच पूरी होती है: | फ़ंडेड सुविधा की शुरुआत होती है: |
|---|---|
| 1जनवरी से<br>31मार्च के बीच | 9 महीने की उम्र पूरी होने की तारीख के बाद, (1 अप्रैल या उसके बाद) शुरू होने वाले समर सेशन |
| 1अप्रैल से<br>31अगस्त के बीच | 9 महीने की उम्र पूरी होने की तारीख के बाद, (1 सितंबर या उसके बाद) शुरू होने वाले ऑटम सेशन से |
| 1 सितंबर से 31दिसंबर के बीच | 9 महीने की उम्र पूरी होने की तारीख के बाद, (1 जनवरी या उसके बाद) शुरू होने वाले स्प्रिंग सेशन से |

HMRC से एक मान्य पात्रता कोड आवश्यक होगा



## आवेदन कैसे करें:

कामकाज़ी अभिभावकों को अपने योग्यता कोड के लिए HMRC के ज़रिए www.beststartinlife.gov.uk पर या QR कोड का इस्तेमाल करके ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है:

- जिस सेशन में आप बच्चे को रखना चाहते हैं, उसके पहले आवेदन करना ज़रूरी है
- अगर आपका आवेदन सफल होता है, तो HMRC आपके सुरक्षित अकाउंट के ज़रिए आपको एक योग्यता कोड जारी करेगा, जिसे आपको अपने प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता को देना होगा
- आपके प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता आपके कोड की वैधता जाँचेंगे। उसके बाद आप अगले सेशन के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। योग्यता कोड की मान्यता की शुरुआत की तारीख निम्न तारीखों पर या उसके पहले होनी चाहिए:
  - ऑटम सेशन: वैधता की शुरुआत की तारीख 31 अगस्त या उससे पहले
  - स्प्रिंग सेशन: वैधता की शुरुआत की तारीख 31 दिसंबर या उससे पहले
  - समर सेशन: वैधता की शुरुआत की तारीख 31 मार्च या उससे पहले
- आपको हर 3 महीने में अपनी योग्यता की पुष्टि करनी होगी, इसके लिए अपने सुरक्षित अकाउंट में लॉग इन करें। HMRC आपको समस-सीमा समाप्त होने से पहले इसकी याद दिलाएगा

## कामकाज़ी अभिभावक के अधिकार का दावा कैसे करूँ?

प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल फ़ंडिंग सीधे उस प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता को दी जाती है जहाँ आपका बच्चा जाता है। जब आप उनके साथ एक अभिभावक/देखभालकर्ता/गार्जियन डिक्लेरेशन फ़ॉर्म (PDF) भरते हैं, तो वे आपकी ओर से फ़ंडिंग का दावा करेंगे।

## अलग-अलग अधिकारों को जोड़ना:

अपने तीसरे जन्मदिन के बाद के सेशन से, सभी बच्चे यूनिवर्सल 15 घंटे के अधिकार का लाभ ले सकते हैं (पेज 6 देखें)। अगर आपके पास एक मान्य कामकाज़ी अभिभावक योग्यता कोड भी है, तो आपका बच्चा यूनिवर्सल अधिकार के तहत 15 घंटे और कामकाज़ी अभिभावक अधिकार के तहत 15 घंटे तक लाभ ले सकेगा, जिससे कुल अधिकार अधिकतम 30 घंटे तक हो जाएगा।






## अतिरिक्त सहायता पाने वाले योग्य परिवारों के लिए 2HELP चाइल्ड केयर फ़ंडिंग

2 साल के बच्चों के लिए

- सप्ताह में अधिकतम 15 घंटे तक
- एक साल में 38 सप्ताह



अगर आप निम्नलिखित लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो आपके 2 साल के बच्चे के लिए उनके दूसरे जन्मदिन के बाद के टर्म से 2Help फ़ंडेड चाइल्डकेयर की जगह का लाभ लेने में सक्षम हो सकते हैं:

- आय सहायता
- आय आधारित बेरोज़गार भत्ता
- आय-आधारित रोज़गार और सहायता भत्ता
- पेंशन क्रेडिट का गारंटीड हिस्सा
- यूनिवर्सल क्रेडिट, अगर आपके परिवार की टैक्स कटौती के बाद सालाना आय £15,400 से कम है

या

- बच्चे की देखभाल स्थानीय प्राधिकरण द्वारा की जा रही है
- बच्चा विशेष अभिभावकत्व, गोद लेने या बाल व्यवस्था आदेश के माध्यम से देखभाल से बाहर आ गया है
- बच्चे के पास मौजूदा समय में विशेष शैक्षिक आवश्यकता का स्टेटमेंट या शिक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल योजना है
- बच्चा, विकलांगता सहायता भत्ता लेने का योग्य है

या

अगर आपकी इमिग्रेशन स्थिति में लिखा है कि आपको 'पब्लिक फ़ंड्स का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है', तो आप अपने 2 साल के बच्चे के लिए उनके दूसरे जन्मदिन के बाद वाले सेशन से 2Help फ़ंडेड चाइल्डकेयर की जगह का लाभ लेने में सक्षम हो सकते हैं, अगर आप:

- इंग्लैंड में रहते हैं और आपकी वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम निम्नलिखित है:
  - लंदन के बाहर रहने वाले एक बच्चे वाले परिवारों के लिए £26,500
  - लंदन के बाहर रहने वाले दो या अधिक बच्चों वाले परिवारों के लिए £30,60
- बचत या निवेश में £16,000 से अधिक नहीं होना चाहिए

### अधिकार

2Help फ़ंडेड अधिकार साल में कम से कम 38 सप्ताह में अधिकतम 570 घंटे प्रति साल के लिए है, जो प्रति सप्ताह 15 घंटों के बराबर है। यह अधिकार साल के अधिक सप्ताहों में बाँटा जा सकता है, यानी एक सप्ताह में कम घंटे लेकर साल के अधिक सप्ताहों में इस्तेमाल किया जा सकता है। फ़ंडेड अधिकार कैसे प्रदान किए जाते हैं, इसकी जानकारी के लिए कृपया अपने प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।

## मेरा बच्चा कब योग्य होगा?

बच्चों को आम तौर पर उनके दूसरे जन्मदिन के बाद वाले स्कूल सेशन की शुरुआत से 2Help फ़ंडेड सुविधा प्राप्त होती है।

| जिन बच्चों का जन्म इसके बीच हुआ: | फ़ंडेंड की जगह मिलना शुरू होती है: |
|---|---|
| 1जनवरी से 31 मार्च के बीच | उनके दूसरे जन्मदिन के बाद आने वाले समर सेशन की शुरुआत (1 अप्रैल या उसके बाद) |
| 1 अप्रैल से 31 अगस्त के बीच | उनके दूसरे जन्मदिन के बाद आने वाले ऑटम सेशन की शुरुआत (1 सितंबर या उसके बाद) |
| 1 सितंबर से 31 दिसंबर के बीच | उनके दूसरे जन्मदिन के बाद आने वाले स्प्रिंग सेशन की शुरुआत (1 जनवरी या उसके बाद) |

## आवेदन कैसे करें:

आप **www.warwickshire.gov.uk/childcarecosts** पर या QR कोड का इस्तेमाल करके आवदेन कर सकते हैं:

- आपके आवेदन को यह देखने के लिए जाँचा जाता है कि आप योग्य हैं या नहीं, और इसके लिए सरकारी ECS सिस्टम का इस्तेमाल किया जाता है।
- अगर आप योग्य हैं, तो आपके फ़ंडेड जगह की पुष्टि के लिए आपको EY वाउचर कोड के साथ पत्र ईमेल या पोस्ट द्वारा भेजा जाएगा।
- आपको आपके क्षेत्र में उन चाइल्डकेयर सेटिंग्स की सूची भी भेजी जाएगी, जो फ़ंडेड 2Help जगह प्रदान करती हैं।
- आपको अपने चुने हुए चाइल्डकेयर सेटिंग को अपना फ़ंडिंग पुष्टि पत्र दिखाना होगा और उन्हें अपना EY वाउचर कोड देना होगा।
- अगर आपकी योग्यता की पुष्टि नहीं हो पाती है, तो आपको इसके लिए ज़रूरी दस्तावेज़ दिखाने के लिए कहा जाएगा।

## मैं 2Help फ़ंडेड अधिकार का दावा कैसे करूँ?:

2Help फ़ंडिंग सीधे उस प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता को दी जाती है जहाँ आपका बच्चा जाता है। जब आप उनके साथ अभिभावक/देखभालकर्ता/गार्जियन डिक्लेरेशन फ़ॉर्म (PDF) भरेंगे, तो वे आपकी ओर से फ़ंडिंग का दावा करेंगे।

## अलग-अलग अधिकारों को जोड़ना:

अगर आप और आपका पार्टनर (अगर है) काम कर रहे हैं और आपके पास वैध कामकाज़ी अभिभावक योग्यता कोड है (पेज 1 देखें), तो आप कामकाज़ी अभिभावक अधिकार के तहत अतिरिक्त 15 घंटे के लिए भी योग्य हो सकते हैं, जिससे कुल अधिकार अधिकतम 30 घंटे तक पहुँच जाएगा।

सभी परिवारों के लिए सामान्य अधिकार

3 से 4 साल के बच्चों के लिए

- सप्ताह में अधिकतम 15 घंटे तक
- एक साल में 38 सप्ताह

सभी बच्चे अपने तीसरे जन्मदिन के बाद वाले सेशन से 15 घंटे की यूनिवर्सल सुविधा का लाभ ले सकते हैं, जब तक कि वे कानूनी तौर पर स्कूल की उम्र तक न पहुँच जाएँ या स्कूल की रिसेप्शन क्लास शुरू न कर दें, जो भी पहले हो।

## अधिकार:

यूनिवर्सल फ़ंडेड अधिकार साल में कम से कम 38 सप्ताह में अधिकतम 570 घंटे के लिए है, जो प्रति सप्ताह 15 घंटों के बराबर है। यह अधिकार साल के अधिक सप्ताहों में फैलाया जा सकता है, यानी एक सप्ताह में कम घंटे लेकर साल के अधिक सप्ताहों में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। फ़ंडेड अधिकार कैसे प्रदान किए जाते हैं, इसकी जानकारी के लिए कृपया अपने प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।

## मेरा बच्चा कब योग्य होगा?

सभी बच्चों को अपने तीसरे जन्मदिन के बाद वाले सेशन से 15 घंटे की यूनिवर्सल सुविधा का अधिकार ऑटोमैटिक रूप से होता है। इसके लिए किसी आवेदन की ज़रूरत नहीं है।

| जिन बच्चों का जन्म इसके बीच हुआ: | फ़ंडेंड जगह मिलनी शुरू होती है: |
|---|---|
| 1जनवरी से 31 मार्च के बीच | उनके तीसरे जन्मदिन के बाद आने वाले समर सेशन की शुरुआत (1 अप्रैल या उसके बाद) |
| 1 अप्रैल से 31 अगस्त के बीच | उनके तीसरे जन्मदिन के बाद आने वाले ऑटम सेशन की शुरुआत (1 सितंबर या उसके बाद) |
| 1 सितंबर से 31 दिसंबर के बीच | उनके तीसरे जन्मदिन के बाद आने वाले स्प्रिंग सेशन की शुरुआत (1 जनवरी या उसके बाद) |

## आवेदन कैसे करें:

आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है और किसी कोड की ज़रूरत नहीं है।

## यूनिवर्सल सुविधाओं का दावा कैसे करूँ?

प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल के अधिकार की फ़ंडिंग सीधे उस प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता को दी जाती है जहाँ आपका बच्चा जाता है। जब आप उनके साथ अभिभावक/देखभालकर्ता/गार्जियन डिक्लेरेशन फ़ॉर्म (PDF) भरेंगे, तो वे आपकी ओर से फ़ंडिंग का दावा करेंगे।

## अलग-अलग अधिकारों को जोड़ना:

अगर आप और आपका पार्टनर (अगर है) काम कर रहे हैं और आपके पास वैध कामकाज़ी अभिभावक योग्यता कोड है (पेज 1 देखें), तो आपका बच्चा यूनिवर्सल अधिकार के तहत 15 घंटे और कामकाज़ी अभिभावक अधिकार के तहत 15 घंटे तक लाभ ले सकेगा, जिससे कुल अधिकार अधिकतम 30 घंटे तक हो जाएगा।



## अतिरिक्त अधिकार

### प्रारंभिक शिक्षा में अतिरिक्त प्रीमियम

प्रारंभिक शिक्षा में अतिरिक्त प्रीमियम (EYPP) अतिरिक्त फ़ंडिंग है जिसे प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता उन बच्चों के लिए दावा कर सकते हैं जिनके अभिभावक कोई योग्य लाभ या क्रेडिट प्राप्त कर रहे हैं या अन्य किसी योग्य मानदंड को पूरा किया गया हो। यह सेशन के आधार पर दी जाती है, उस फ़ंडेड घंटे के अनुसार जो दावे किए जाते हैं, उन प्रदाताओं को जो उन बच्चों को सुविधा प्रदान कर रहे हैं और अधिकतम 570 घंटे तक योग्यता मानदंड पूरा कर रहे हैं। जहाँ बच्चे 30 घंटे के लिए योग्य हैं, EYPP पहले 15 घंटों पर दिया जाएगा और साल में अधिकतम 570 घंटे तक दिया जाएगा।

EYPP उन योग्य बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा की क्वॉलिटी को बेहतर बनाने में मदद करता है जो प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल का लाभ ले रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता इस अतिरिक्त फ़ंड का इस्तेमाल योग्य बच्चों की शिक्षा के परिणाम सुधारने के लिए कर सकते हैं और इसे कई चीज़ों पर खर्च कर सकते हैं जैसे कि गतिविधियाँ, स्टाफ़ प्रशिक्षण और संसाधन।

एक बच्चा प्रारंभिक शिक्षा में अतिरिक्त प्रीमियम (EYPP) के लिए योग्य होगा अगर उसके अभिभावक निम्नलिखित कोई भी लाभ या क्रेडिट प्राप्त कर रहे हैं:

- आय सहायता
- आय आधारित बेरोज़गार भत्ता
- आय-आधारित रोज़गार और सहायता भत्ता
- 1999 के इमिग्रेशन और असाइलम एक्ट के भाग VI के तहत सहायता
- स्टेट पेंशन क्रेडिट का गारंटीड हिस्सा
- यूनिवर्सल क्रेडिट, जिसमें कुल वार्षिक पारिवारिक आय £7,400 के बराबर या उससे ज़्यादा न हो, और इसे हाल की तीन यूनिवर्सल क्रेडिट मूल्यांकन अवधियों के आधार पर आँका जाता है

या बच्चे के पास ये है:

- कम से कम एक दिन के लिए बच्चे की देखभाल स्थानीय प्राधिकरण द्वारा की गई हो
- देखभाल से गोद लिया गया हो
- बच्चा अब किसी विशेष अभिभावक के तहत सरकारी देखभाल से बाहर है
- बच्चे क देखभाल के बारे में कानूनी आदेश

## दावा कैसे करें

प्रारंभिक शिक्षा में अतिरिक्त प्रीमियम (EYPP) का दावा करने के लिए, आपको अपने प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता द्वारा दिए गए अभिभावक/देखभालकर्ता/गार्जियन डिक्लेरेशन फ़ॉर्म (PDF) पर EYPP आवेदन अनुभाग को पूरी तरह भरना होगा।

## विकलांगता से जुड़ा ऐक्सेस फ़ंड

विकलांगता से जुड़ा ऐक्सेस फ़ंड(DAF) योग्य विकलांग बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल की सुविधा को ऐक्सेस करने में मदद करता है और इसके प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता उस समय दावा कर सकते हैं जब बच्चे योग्यता मानदंड पूरा करते हों।

DAF का इस्तेमाल प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाताओं को उनके सेटिंग्स में उचित समायोजन करने और/या क्षमता बढ़ाने में मदद करने के लिए किया जा सकता है, चाहे वह विशेष बच्चे के लिए हो या सेटिंग में आने वाले सभी बच्चों के लाभ के लिए। प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता DAF फ़ंड का इस्तेमाल स्टाफ़ प्रशिक्षण, संसाधनों और व्यक्तिगत बच्चे की ज़रूरतों के अनुसार समायोजन करने में भी कर सकते हैं।

बच्चे विकलांगता से जुड़े ऐक्सेस फ़ंड (DAF) के लिए योग्य हो सकते हैं, अगर वे निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करते हैं:

- बच्चे को विकलांगता भत्ता (DLA) मिल रहा है

और

- बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल के लिए फ़ंडिंग मिल रही है

## दावा कैसे करें

विकलांगता से जुड़ा ऐक्सेस फ़ंड (DAF) का दावा करने के लिए, आपको अपने प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता द्वारा दिए गए अभिभावक/देखभालकर्ता/गार्जियन डिक्लेरेशन फ़ॉर्म (PDF) पर DAF आवेदन अनुभाग को पूरी तरह भरना होगा।



**प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल से जुड़े अधिकार –**

**अक्सर पूछे जाने वाले सवाल:**

## मेरा बच्चा प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल से जुड़ी सुविधा कहाँ प्राप्त कर सकता है?:

आपका बच्चा अपनी प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल की सुविधा निम्नलिखित प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाताओं के साथ प्राप्त कर सकता है :

- फ़ुल डे केयर नर्सरीज़
- प्री-स्कूल्स
- खेल समूह
- बाल देखभालकर्ता
- नर्सरी स्कूल और कक्षाएँ

ये प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदाता या तो Ofsted या किसी बालदेखभालकर्ता एजेंसी के साथ पंजीकृत होने चाहिए। ये आपके बच्चे की जगह के लिए फ़ंडिंग सीधे वार्विकशायर काउंटी काउंसिल से दावा करने के लिए ज़िम्मेदार हैं और इसके लिए इन्हें पंजीकृत होना ज़रूरी है।

## शुल्क:

प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल के अधिकार का उद्देश्य प्रति सप्ताह 15 या 30 घंटे की मुफ़्त, उच्च क्वॉलिटी वाली, सुविधाजनक प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल प्रदान करना है। ये 15 या 30 घंटे अभिभावकों के लिए मुफ़्त होने चाहिए, मतलब मुफ़्त घंटों के लिए अभिभावकों से कोई अनिवार्य शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए।

प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल के अधिकार की फ़ंडिंग का उद्देश्य भोजन, उपभोग की जाने वाली अन्य सामग्री, अतिरिक्त घंटे या अतिरिक्त सेवाओं की लागत को कवर करना नहीं है। प्रदाता उपभोग की जाने वाली सामग्री, भोजन और स्नैक्स, अतिरिक्त गतिविधियाँ और अतिरिक्त घंटे के लिए शुल्क ले सकते हैं, बशर्ते कि ये अनिवार्य शुल्क न हों या किसी जगह का लाभ लेने की शर्त न हों।

चार्ज करने योग्य अतिरिक्त शुल्क की लागत प्रदाताओं की वेबसाइट पर पब्लिश की जानी चाहिए, या अगर उनके पास वेबसाइट नहीं है, तो स्थानीय प्राधिकरण के परिवार सूचना सेवा की वेबसाइट पर। ये स्पष्ट, अपडेट की गई और अभिभावकों के लिए आसानी से सुलभ होनी चाहिए, ताकि अभिभावक प्रदाता का सूचित विकल्प चुन सकें।

## क्या मैं प्रारंभिक शिक्षा सुविधा को एक से अधिक प्रारंभिक शिक्षा प्रदाता से दावा कर सकता/सकती हूँ?:

हाँ, एक दिन में अधिकतम 2 साइट्स तक।

## क्या मैं सेटिंग्स बदल सकता/सकती हूँ?:

फ़ंडिंग आमतौर पर पूरे सेशन के लिए उस प्रदाता को दी जाती है जहाँ बच्चा हेडकाउंट डे पर होता है। अगर बच्चा उस दिन से पहले या बाद में जगह बदलता है, तो आपको अपने प्रदाता से पूछना होगा कि क्या वे फ़ंडिंग शेयर करने के लिए राजी हैं।



## संपर्क और अतिरिक्त जानकारी:


वार्विकशायर में प्रारंभिक शिक्षा प्रदाताओं के बारे में ज़्यादा जानकारी या अपने क्षेत्र में किसी प्रारंभिक शिक्षा प्रदाता के पास जगह खोजने में मदद के लिए, कृपया परिवार सूचना सेवा से 0800 408 1558 या fis@warwickshire.gov.uk or www.warwickshire.gov.uk/fis पर संपर्क करें

कामकाज़ी अभिभावक सुविधा से जुड़ी योग्यता और ऑनलाइन आवेदन संबंधी पूछताछ के लिए कृपया HMRC के ग्राहक संपर्क केंद्र से 0300 123 4097 या www.beststartinlife.gov.uk पर संपर्क करें

2Help फंडिंग से संबंधित पूछताछ के लिए कृपया प्रारंभिक शिक्षा प्रदाता टीम से 01926 742218, 2help@warwickshire.gov.uk या www.warwickshire.gov.uk/childcarecosts पर संपर्क करें

सामान्य फंडिंग संबंधी पूछताछ के लिए कृपया प्रारंभिक शिक्षा प्रदाता टीम से 01926 742233, eyfunding@warwickshire.gov.uk या www.warwickshire.gov.uk/childcarecosts पर संपर्क करें

चाइल्डकेयर की लागत में सभी सरकारी सहायता के बारे में जानकारी के लिए कृपया www.beststartinlife.gov.uk पर जाएँ



# क्या आपको बच्चों के साथ काम करके मज़ा आएगा?

संतोषजनक करियर

लचीले कामकाजी घंटे

वर्क फ़ॉर्म होम

बाल देखभालकर्ता बनें

अगर आपको बच्चों के साथ काम करना पसंद है और आपका घर बाल देखभाल के लिए उपयुक्त है, तो हम आपसे जुड़ना चाहते हैं।



बाल देखभालकर्ता अब अपने घर के अलावा किसी भी स्थान से भी पूरी तरह काम कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए www.warwickshire.gov.uk/childcare/become-childminder पर जाएँ, जिसमें दी जाने वाली सहायता और प्रारंभिक शिक्षा की फ़ंडिंग प्रदान करने के लिए साइन अप करने का तरीका शामिल है

WARWICKSHIRE

Warwickshire County Council

अपडेट किया गया अक्टूबर 2025

Warwickshire County Council